

'समस्याओं के स्थायी समाधान की योजना बनाकर प्रस्ताव तैयार करें'

उदयपुर(कासं)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख सुश्री ममता कुंवर, जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने मां सरस्वती की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों की योजनाओं में प्रभावी बदलाव लाकर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब आमजन में इन योजनाओं के प्रति जागरूकता हो और ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण वहां की स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास का खाका तैयार करें। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए योजना बनाते समय स्थायी समाधान को ध्यान में रखकर स्थायी स्त्रोत विकसित करें। कार्यशाला में जिला प्रमुख ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण योजनाओं का ग्राम्यांचलों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि ग्रामीण इनका लाभ उठा सकें व दूसरों को को भी प्रेरित कर सके। उन्होंने कहा कि पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं में विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करते समय वहां की भौगोलिक परिस्थितियों का भलिभांति अवलोकन कर लें उसके बाद ही प्रस्ताव को अंतिम रूप दें।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मनीष ने कहा कि कार्यशाला में बताए गए ग्रामीण विकास के तौर-तरीकों को गंभीरता से सुने और अपने-अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष प्रशिक्षक के रूप में सुव्यवस्थित तथा सार्वजनिक हित को ध्यान में रखकर कार्य योजना तैयार करें। मुख्य आयोजना अधिकारी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि वर्ष 2023-24 में ग्रामीण विकास के लिए प्लान तैयार करते समय विभिन्न बिंदुओं यथा गरीबी मुक्त, आजीविका, कौशल विकास, आत्मनिर्भर गांव, स्वस्थ, बाल हितैषी, जल पर्याप्तता, बुनियादी ढांचे का विकास, स्वच्छ व निरोगी गांव, महिला सुरक्षा आदि का ध्यान रखते हुए योजनाओं को तैयार करें जिससे ग्रामीणों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक उपस्थित थे। जिन्हें पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का समापन 3 दिसंबर को होगा।

फायरिंग प्रकरण में धमकाने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। फायरिंग मामले में दर्ज प्रकरण उठाने की धमकी देने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने पीडित हरिदास जी कीमगरी निवासी ख्यालीलाल पुत्र भंवरलाल सोनी की रिपोर्ट पर अंश गहलोत तथा साथी रोहित निमावत पर जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि गत दिनो आरोपी ने मोबाईल पर फोन कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। प्रारंभिक अनुसंधान मे पता चला कि ख्यालीलाल सोनी की हरिदासजी की मंगरी में आगरिया हवेली नाम से होटल है तथा नौकरी से निकालने कर तनख्वाह नहीं देने की बात को लेकर 28 अक्टूबर को अंश गेहलोत व रोहित नीमावत ने होटल पहुंच कर फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद से आरोपी पीडित को फोन पर धमकी दे रहे है।

डिजिटल चौपाल का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। लोकतंत्र को सुदृढ बनाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूक, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्वक सहभागिता को सुनिश्चित करने के संबंध में ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु चुनाव पाठशाला के तहत ग्राम पंचायतों पर स्थित ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से गुरुवार को डिजिटल चौपाल का आयोजन कराया गया।

मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के चौथे दिन विभिन्न सत्रों का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हमारे जीवन और समाज में बडे पैमाने पर परिवर्तन हो रहे हैं। इनका उपयोग हम अपने विकास के लिए बखूबी कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारत और दुनिया में हो रहे परिवर्तनों की एक झलक हम केंद्रीय संचार ब्यूरो की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में देख सकते हैं।

यह उद्गार उदयपुर की अतिरिक्त जिलाधिकारी (शहर) प्रभा गौतम ने व्यक्त किए। वह केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पहले के समय में ज्ञान तक लोगों की पहुँच सीमित मात्रा में थी। छोटी से छोटी जानकारी जुटाने के लिए भी बहुत परिश्रम करना पडता था। मगर आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हम कई तरह की जानकारियां कुछ ही क्षणों में हासिल कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में कई प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। विद्यार्थी इससे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

दूसरे सत्र में पंचायत समिति, गिर्वा के सहायक विकास अधिकारी जगदीश चंद्र सालवी ने ग्राम विकास से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। तीसरे सत्र में कृषि विभाग के उप निदेशक माधव सिंह चंपावत ने किसानों के विकास के लिए कृषि विभाग के द्वारा संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने किया। संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक भारत भार्गव ने किया। आभार प्रदर्शन खेमराज सोनी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों के लिए कुर्सी दौड, पुशअप्स प्रतियोगिता, मौखिक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। विजेताओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर
(RHB Office Building पास तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

क्रमांक:-उआआ./वृत्त-उदय/2022-23/1128 दिनांक-30.11.2022
Registered

-: जाहिर आम सूचना (मृत्यु पश्चात) :-

आवास संख्या 4/8, गोवर्धन विलास आवासीय योजना, उदयपुर का आवंटन मण्डल द्वारा श्री भंवर लाल सुखलेचा पुत्र स्व. श्री चान्दमल जी को किया गया था। आवास का आवंटन पत्र क्रमांक 124 दिनांक 20.04.1992 को जारी कर कब्जा दिनांक 25.05.1992 को दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र क्रमांक 4248 दिनांक 10.01.2005 द्वारा श्री भंवरलाल सुखलेचा पुत्र स्व. श्री चान्दमल जी को जारी किया गया।

श्री भंवरलाल सुखलेचा पुत्र स्व. श्री चान्दमल जी की मृत्यु दिनांक 23.07.2022 को हो जाने के पश्चात् उनके पुत्र श्री आशीष जैन पुत्र स्व. श्री श्री भंवरलाल सुखलेचा ने मृतक के कानूनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। मृतक के विधिक वारिसान मर्ती दुर्गेश नंदिनी बोथरा पत्नी श्री पवन जी बोथरा पुत्री स्व. श्री श्री भंवरलाल सुखलेचा एवं श्रीमती प्रतिभा कर्णावट पत्नी श्री चेतन्य जी कर्णावट पुत्री स्व. श्री श्री भंवरलाल सुखलेचा ने उक्त आवास में निहित अपने अधिकारो का त्याग जरिये हकत्याग पत्र (रिलीज डीड) (पंजीकृत) के द्वारा दिनांक 08.08.2022 को श्री आशीष जैन पुत्र स्व. श्री श्री भंवरलाल सुखलेचा पक्ष में किया गया। श्री श्री आशीष जैन पुत्र स्व. श्री भंवरलाल सुखलेचा ने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र, हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम पर कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 4/8, गोवर्धन विलास आवासीय योजना, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्री आशीष जैन पुत्र स्व. श्री श्री भंवरलाल सुखलेचा के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में हकत्याग पत्र (रिलीज डीड) (पंजीकृत) के आधार पर दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त- उदयपुर

फेफड़े की गांठ का उपचार

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज (पिम्स) हॉस्पिटल उमरडा में चिकित्सकों ने एक वृद्ध मरीज के दाहिने फैंफडे में गांठ का सफल उपचार किया है। पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों 64 वर्षीय वृद्ध को दम चढने, खांसी, बलगम, भूख न लगने तथा शरीर का वजन कम होने की समस्या के चलते पिम्स हॉस्पिटल के रेसपेट्री मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया। जांच पता में चला कि मरीज का दाहिना फैंफडा पिचका हुआ और छाती में पानी भरा हुआ है। साथ ही मरीज के दाहिने फैंफडे में 10 गुना 11 गुना 16 सेंटीमीटर की गांठ है जो श्वांस नली और फैंफडे को दबा रही थी। इस पर गांठ निकाल फैंफडे की धुलाई कर पानी निकाला गया। ऑपरेशन रेसपेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल वहाब, डॉ. सानिध्य, डॉ. राहुल खत्री, डॉ. प्रांशु, डॉ. ऋषभ व टेक्निशियन गिरीराज की टीम द्वारा किया गया।

आशीष अग्रवाल ने बताया कि रोगी अब पूर्णत: स्वस्थ है। रोगी का भामाशाह योजना के तहत् ईलाज पूर्णत: नि:शुल्क हुआ है। उन्होंने बताया कि पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में दूरबीन की जाँच, फैंफडे के कैंसर, टी.बी., न्यूमोनिया व कई बीमारियों में फैंफडे से बायोप्सी लेने व फैंफडे की धुलाई करने की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

डॉ. शर्मा, एस.एन. पारीक मेमोरियल ओरेशन से सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (राजस्थान चेप्टर) की ओर से महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, सीतापुरा, जयपुर मे आयोजित 33वें वार्षिक सम्मेलन में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.के.आर.शर्मा को एस.एन. पारीक मेमोरियल ओरेशन से सम्मानित किया गया।

वर्ष 2022 में एस.एन. पारीक मेमोरियल ओरेशन सम्मान पाने वाले डॉ.शर्मा एक मात्र फिजिशियन है। यह सम्मान उनके द्वारा मेल इन्फर्टिलिटी एवं एण्ड्रोजन पर कार्य करने पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.शर्मा ने बताया कि बढती पाश्चात्य जीवन शैली (खान-पान), वातावरण में बढता रासायनिक प्रदूषण एवं भूमण्डल में चढता तापमान हमारे देश में ही नहीं अपितु सारे विश्व के युवा दम्पतिओं में निसंतानता के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। गौरतलब है कि डॉ.शर्मा एण्ड्रोजन डिसऑर्डर पर कई देशो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पत्र वाचन कर चुके है। इस दौरान पीएमसीएच के मेडिसिन विभाग के 14 स्नातकोत्तर विधार्थीयों के पोस्टर चुने गए जो राजस्थान में किसी भी मेडिकल कॉलेज के एक विभाग में से सबसे ज्यादा है। मेडिसिन विभाग के प्रो. डॉ.जगदीश विश्नोई ने मेडिसिन विभाग के 14 स्नातकोत्तर विधार्थीयों को शुभकामनाए देते हुए बताया कि विश्व डायबिटीज सप्ताह के दौरान आयोजित इन्टर कोलेज डायबिटीज क्विज में मेडिलिन विभाग की पीजी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,डॉ श्रेया राठौड़ एवं डा. असीम कुमार क्विज के विजेता रहे ।

विश्व एड्स दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली डेंटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (जी.डी.आर.आई.) ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया। इस अवसर पर इंटर्न और बीडीएस अंतिम वर्ष के छात्रों ने रंगोली बनाई। जीडीआरआई के प्राचार्य डॉ. निखिल वर्मा ने छात्रों को एचआईवी/एड्स के प्रति सामुदायिक चेतना लाने में अपनी जिम्मेदारियों के बारे में सक्रिय रूप से प्रतिज्ञा करने के लिए प्रेरित किया।

ओपीडी में आने वाले मरीजों को एड्स के बारे में शिक्षित किया गया, जिसमें सामान्य संचरण मार्ग, मौखिक गुहा में शुरुआती लक्षण और एचआईवी वायरस से संबंधित मिथक और तथ्य शामिल हैं। छात्रों ने इस वर्ष की थीम समानता से संबंधित पोस्टर बनाए। सभी संकायों ने मरीजों को एकजुटता में और दंत चिकित्सा बिरादरी के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए लाल रिबन पहना थ इस अवसर को मनाने के लिए छात्रों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने वाले कई संकायों में डॉ. पद्मकांत मन्नवा और डॉ. अशप्रीत कौर (पेरियोडोंटिक्स विभाग), डॉ. सिमी थंकप्पन और डॉ. अशनी चटर्जी (मौखिक चिकित्सा और रेडियोलॉजी विभाग) और डॉ. शिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा) शामिल रहे।

साथ ही कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, लोयरा में एड्स और एचआईवी संचरण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। डॉ. मुकुल दीक्षित, विभागाध्यक्ष ने श्रोताओं को संबोधित किया और प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर से डॉ हेमलता मित्तल, डॉ अंजना वर्मा, डॉ मेधा माथुर, डॉ ज्योति जैन, डॉ सुरेश चौधरी, डॉ जितेंद्र हिरानी उपस्थित थे।

पिकअप ने आधा दर्जन वाहनों को चपेट में लिया

उदयपुर। एटीएम में रूपये डालने वाली पिकअप वाहन ने सब्जी बेचने वाली महिला सहित तीन को चपेट में लेकर घायल किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे एटीएम में रूपये डालने वाले अनियंत्रित पीकअप वाहन ने हिरणमगरी सेक्टर तीन रोड़ किनारे सब्जी की लारी व उसके पास खडी महिला को चपेट में ले लिया। इसी दौरान साइकिल सावार तथा डिवाईडर में बैठे व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में सब्जी बेचने वाली लीमडी भीण्डर हॉल आजाद नगर निवासी गीता बाई, साईकिल सवार आयड निवासी जमील खां तथा घाटोल बांसवाड़ा निवासी मुकेश घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन डिवाई पर चढ गया। सवेरे अनियंत्रित वाहन ने सब्जी के थैले व उसके पास खडी महिला को तथा पास ही साईकिल सवार को चपेट में लेते हुए डिवाईडर पर चढ गया। जिससे डिवाईडर व गाडी के बीच मुकेश फंस गया। जिसके मामूली चोटे आई। हादसे को देख चालक को स्थानीय लोगों ने मारपीट की जिससे वह फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई नवलसिंह ने मौके पर पहुंच कर घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया तथा वाहन को कब्जे में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द, जिला राजसमन्द

क्रमांक:न.प.रा./भू.रूपा./2022-23/7030 दिनांक: 01.12.2022

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री टीलुराम पुत्र श्री भंवरलाल नि. फरारा, श्री दीपक पुत्र चतरलाल भील नि. जावद, श्री बाबुलाल पुत्र श्री नाना उर्फ कानिया भील नि. जावद, श्री उदयलाल उर्फ मदनलाल पिता श्री चतरलाल गमेती नि. जावद, श्री रतनलाल पुत्र श्री सोहनलाल भील नि. फतेहपुरा राज्यावास द्वारा राजस्व ग्राम जावद आराजी संख्या 910/5 रकबा 0.3662 हैक्टेयर, आराजी संख्या 1087/910 रकबा 0.0304 हैक्टेयर, आराजी संख्या 911 रकबा 0.2347 हैक्टेयर, आराजी संख्या 912/1 रकबा 0.1255 हैक्टेयर, आराजी संख्या 914/1 रकबा 0.1578 हैक्टेयर भूमि का आवासीय भूमि की जो प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द के निर्णय दिनांक 3042 दिनांक 16.03.2022 द्वारा 90-क के तहत बिलानाम न.प.रा. दर्ज की स्वीकृति हो चुकी है, जिसमें निम्न आवेदकों द्वारा आवासीय प्रयोजनार्थ नियमन/आवंटन कराने हेतु आवंटन शपथ पत्र के आधार पर आवेदन किया है।

क्र. सं.	नाम आवंटी का	भू. सं.	वर्गमीटर
01	श्री इन्द्रा श्रीमाली पत्नी श्री सत्यनारायण श्रीमाली निवासी हवेली वाले भैरूजी, मन्दिर के पास मजा तहसील व जिला राजसमंद।	18	116.17
02	श्री विष्णुप्रकाश बंग पिता री नथमल बंग निवासी महेशनगर कांकरोली तहसील व जिला राजसमंद।	08	173.90

अत: इस संबंध में किसी हितकारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना जारी तिथि के 7 दिवस में लिखित में मय सबुत दस्तावेज के परिषद में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मयाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आयुक्त , नगरपरिषद, राजसमन्द

fincare Small Finance Bank
Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **06 December 2022** at below mentioned branches.

BANSWARA-22660000085210|**CHITTORGARH**-22660000120085|**JAIPUR**-22660000055707,22660000058662,22660000143322,22660000151176,22660000694403,22660000717502|**JAIPUR-TRIVENI NAGAR**-22660000097477,22660000114607|**JODHPUR**-22660000075509,22660000080169,22660000145228|**KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD**-22660000059330, 22660000067614, 22660000070738, 22660000086158, 22660000096419, 22660000106772, 22660000109177, 22660000117232, 22660000120195, 22660000133141, 22660000136585, 22660000229501|**UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET**-22660000055217, 22660000074891, 22660000077055, 22660000102640, 22660000114437.

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

पति को घायल किया

उदयपुर, (कासं)। मां बेटे ने चाकू से हमला कर पति को घायल किया। इस दौरान पुत्र भी घायल हो गया। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। गुरूवार सांय अम्बामाता थाना क्षैत्र कृपाशंकर पर उसके पुत्र प्रदीप पुत्र कृपाशंकर तथा पत्नी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

टैंकर ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थानाक्षैत्र हाइवे पर टेंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवको की मौत हो गई। शाहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र के खरपीणा होटल अमरगढ के समीप टेंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में परसाद सरू निवासी गोतम पुत्र बदा की मौके पर ही मौत हो गई तथा वलुआ सराड़ा निवासी सुरेश पुत्र गोतम गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.ब./भूमिशाख/2022-23/753 दिनांक: 1.12.2022

-: उजरदारी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका क्षैत्र बड़ीसादड़ी में निम्न आवेदक ने प्रार्थना पत्र प्रस्तु कर भूखण्ड का नामान्तरण व एकीकरण अपने नाम से चाहा गया है। इस बाबत इनके मालिकाना हक सम्बन्धी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस उजरदारी के प्रकाशन के 7 (सात) दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति काबिले समयात नहीं होगी, विवरण इस प्रकार है -

क्रं.स.	भूखण्डधारी	भूखण्डक्रेता/वारिसान	भूखण्ड साईज व पता
1.	श्री सुरेश कुमार पिता श्री बंसती लाल धोबी निवासी बड़ीसादड़ी	श्री विमल कुमार मारू पिता श्री सवाई लाल मारू निवासी बड़ीसादड़ी	भूखण्ड संख्या 3,4,5 प्रत्येक का क्षैत्रफल 836 वर्गफीट कुल 2508 वर्गफीट गाड़ीया लौहार कॉलोनी के पास (इन्दिरा कॉलोनी)
			भूखण्ड संख्या 3 जिसका क्षैत्रफल 960 व भूखण्ड संख्या 4 जिसका क्षैत्रफल 840 वर्गफीट कुल 1800 वर्गफीट गाड़ीया लौहार कॉलोनी के पास (इन्दिरा कॉलोनी)

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, बड़ीसादड़ी

जी-20 शेरपा बैठक के लिए तैयार है उदयपुर : नायडू

उदयपुर, (कासं)। जी-20 सचिवालय के संयुक्त सचिव नगराज नायडू गुरुवार को उदयपुर दौरे पर रहे। नायडू ने उदयपुर में 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जी-20 शेरपा सम्मेलन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर की जा रही तैयारियों के अंतिम चरण का जायजा लिया और कहा कि जी-20 शेरपा की पहली बैठक के लिए उदयपुर पूरी तरह तैयार है। संयुक्त सचिव नगराज नायडू, ने संभागीय आयुक्तालय में संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट तथा जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने जी 20 के संभागियों के लाइजनिंग अधिकारियों एवं स्थानीय जिला स्तरीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियां की समीक्षा की। इस दौरान समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने दायित्व और तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

नायडू ने कहा कि कहा कि टीम उदयपुर की मेहनत रंग लाई है और इस आयोजन के लिए वृहद स्तर पर की गई तैयारियों के लिए उन्होंने राजस्थान सरकार व जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उनहोंने कहा कि जी-20 प्रसिडेंसी इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए तैयार है और उदयपुर में होने वाला यह इंटरनेशनल आयोजन बेंचमार्क सेट करेंगा। नायडू ने कहा कि इस जी-20 इंटरनेशनल समिट की शुरूआत उदयपुर से होना गौरव की बात है और इस आयोजन के लिए उदयपुर एक टेम्पलेट बनेगा और आगामी वर्ष में होने वाली 50 शहरों में होने वाली जी-20 बैठकों के लिए उदयपुर एक मिसाल बनेगा। नायडू ने कहा कि यह एक माइल्डस्टोन इवेंट है। यहां से हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी को आगामी आयोजन के लिए दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि जी-20 आयोजन को लेकर उदयपुर की खूबसूरती बढ गई है। एयरपोर्ट से लेकर शहर के विभिन्न हिस्सों को आकर्षक रूप दिया है। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से उम्मीद की है कि विदेश भर में जो डेलीगेट्स यहां आने वाले है उनके स्वागत सत्कार में आप भी सहयोग दे और मेहमान यहां से बेहतर छवि लेकर जाए। बैठक दौरान नायडू ने जिला प्रशासन के लाइजन अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और शेरपा बैठक के दौरान उनके दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बैठक आयोजन दौरान प्रोटोकॉल के साथ ही समय की पाबंदी और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ख्याल रखा जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हर परिस्थिति में उच्चाधिकारियों और अतिथियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दायित्वों को अंजाम दिया जाय। बैठक दौरान संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए उदयपुर तैयार है और लेकसिटी दुल्हन की तरह सज चुकी है। सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और जी-20 शेरपा बैठक का सफल आयोजन कर उदयपुर विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचाना बनाएगा। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने आयोजन से जुडी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। वही अन्य अधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिऐ। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम और समस्त लाइजनिंग ऑफिसर मौजूद रहे।

सेमीफाइनल मुकाबले आज से

उदयपुर, (कासं)। नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 27 नवम्बर से नारायण सेवा संस्थान, डीसीसीआई, डब्ल्यूसीआई और राजस्थान रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर चल रहा है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि लीग मैच श्रृंखला के अंतिम दिन विभिन्न टीमों के बीच 6 मैच हुए। 16 टीम से चार ग्रुप में बंटी प्रदर्शन तालिका में श्रेष्ठ शीर्षस्थ 4 टीम के बीच 2 सेमीफाइनल शुक्रवार को प्रात: 8.30 बजे व 12.30० बजे आरसीए ग्राउंड में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर टीम ने बहुत ही शानदार खेल का परिचय दिया। सेमीफाइनल में विजित दो टीम विश्व दिव्यांगता दिवस पर फाइनल में भिड़ेगी।

चैंपियनशिप के लीग मैचों के चौथे दिन नारायण पैरा स्पोर्टस एकेडमी मैदान पर सुबह के सत्र में मुम्बई बनाम छत्तीसगढ़ मैच हुआ। टॉस छत्तीसगढ ने जीतकर मुम्बई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमन्त्रित किया। मुम्बई की टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया।

बेस्ट पेंटिंग बनाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन भारत सरकार ठाामीण राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति सदस्य तथा पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर श्री केके गुप्ता गुरुवार को उदयपुर के तीन राजकीय विद्यालयों का दौरा किया और वहां स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित किया।

नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवीना खेडा, हिरण मगरी सेक्टर 4 और गुरु गोविंद विद्यालय में आयोजित कार्यशाला में गुप्ता का मुख्य वक्तव्य रहा। प्रारंभ में विद्यालयों के संस्था प्रधानों द्वारा गुप्ता का स्वागत अभिनंदन किया गया।

कार्यशाला के सूत्रधार अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के अध्यक्ष श्री अनिल नाहर, स्वच्छ भारत मिशन की संयोजिका तथा व्याख्याता श्रीमती सुधा कोठारी, इस कार्यशाला के सूत्रधार सद्भावना फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री ओम अठावाल तथा मोहन अग्रवाल का भी आतिथ्य रहा। इस अवसर पर तीनों ही विद्यालयों में स्वच्छता विषयक प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठ रचनाएं बनाने वाले प्रथम तीन वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों को श्री गुप्ता सहित अन्य अतिथियों द्वारा पारितोषिक देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने डूंगरपुर की स्वच्छता को अन्य निकायों के लिए प्रेरणा स्त्रोत और स्वच्छता की ताकत से बच्चों को बताते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता आवश्यक है तथा अगर हम हमारी उम्र को बढाना चाहते हैं। तो स्वच्छ वातावरण में रहना आवश्यक है।

यह जरूरी नहीं है कि हम कचरा ना फैलाएं परंतु यह जरूरी है कि हमारे सामने कोई भी दूसरा व्यक्ति भी कचरा ना फैलाएं। अगर देश का यूथ यह निर्णय कर ले तो यह देश निश्चित रूप से स्वच्छ बनेगा स्वस्थ बनेगा यह धरती माता जिसे गंदा करने का अधिकार किसी को नहीं है। धरती माता को स्वच्छ रखने का काम हम सबको मिलकर करना चाहिए।